देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 02.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की।
- प्रदेश में 8 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों के खातों में 184 करोड़ 25 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को शहरी निकायों में स्थित संपत्तियों का पूरा ब्यौरा रखने के लिए पोर्टल बनाने के आदेश दिए।
- केदारनाथ धाम की यात्रा आज से फिर शुरू, सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक अवरुद्ध मार्ग को खोलने के प्रयास जारी।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में 8 अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है।

पीएम किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से ज़्यादा किसानों के बैंक खातों में सीधे 20 हजार 500 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गये। इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उन्हें सावन के महीने में काशी से देश भर के लाखों किसानों से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का दिन था और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर है।

इस अवसर पर देहरादून में 'कृषि संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत राज्य के 8 लाख 28 हजार 787 लाभार्थी किसानों के खातों में 184 करोड़ 25 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है।

श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में भी किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कृषि उपकरण की खरीद करने पर भी सब्सिडी दी जा रही है।

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को राज्य के शहरी निकायों में स्थित संपत्तियों का पूरा ब्यौरा रखने के लिए एक पोर्टल बनाने के आदेश दिए हैं। साथ ही संपत्तियों को सार्वजनिक करने के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व आदेशों के अनुपालन पर दो सप्ताह के भीतर उच्च न्यायालय में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पोर्टल से आम जनता को वैध और अवैध संपत्तियों की जानकारी होगी और धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा।

इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने अवैध निर्माण को शह देने, उनकी कम्पाउंडिंग करने, अवैध फ्लैटों के खिलाफ कार्यवाही करने के मामले में फैसला सुरक्षित रखा है।

उपराष्ट्रपति

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चुनाव की अधिसूचना सात अगस्त को जारी की जाएगी। 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे और 25 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 9 सितंबर को वोट डाले जाएंगे और मतगणना भी इसी दिन होगी।

पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है।

बीआईएस

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने नई टिहरी में महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए जिला स्तरीय संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा दी गई जानकारी का अपने–अपने क्षेत्रों में प्रसारित करने के निर्देश दिए। उपभोक्ता संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को नवजात शिशुओं के लिए खाद्य उत्पाद आईएसआई प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने के बाद ही खरीदने चाहिए।

चारधाम यात्रा

बरसात के मौसम में भी चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित नजर आ रहे हैं। बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा सुचारू रूप से जारी है। मौसम खराब होने या सड़क मार्ग बाधित होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका जा रहा है, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।

वहीं, अस्थाई तौर पर रुकी केदारनाथ धाम यात्रा आज से फिर शुरू हो गयी है। बता दें कि सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के कारण पिछले कुछ दिनों से केदारनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। केवल लौटने वाले तीर्थयात्रियों को ही सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से वापस लाया जा रहा था।

जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि क्षतिग्रस्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू होने तक तीर्थयात्रियों को केदारनाथ धाम तक लगभग 22 किलोमीटर पैदल यात्रा करनी होगी। उन्होंने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। साथ ही, प्रशासन ने यात्रियों से मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार यात्रा करने की अपील की है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। राज्य के अधिकांश जिलों में रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। राजधानी देहरादून में सुबह हल्की बारिश दर्ज की गयी। हालांकि अभी बारिश रुकी हुई है और बादल छाए हुए हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने 8 अगस्त तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर और बागेश्वर ज़िलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष ज़िलों में हल्की बारिश की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि चार अगस्त तक राज्य में मूसलाधार बारिश की संभावना है।

विभाग ने इस अवधि में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी है।

## डायरिया नियंत्रण अभियान

चमोली जिले में मानसून के दौरान बच्चों में डायरिया की आशंका को देखते हुए, डायरिया नियंत्रण के लिए 01 अगस्त से जिले में सघन डायरिया रोकथाम अभियान की शुरुआत की गयी है। यह अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए जिले की सभी 158 चिकित्सा इकाइयों में जिंक ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। इन कॉर्नर के माध्यम से जिंक और ओआरएस पैकेट निःशुल्क वितरित किए जाएँगे।

इसके साथ ही, अभियान के दौरान डायरिया निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

## विश्राम घर

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने और ट्रक चालकों को लंबी यात्रा में विश्राम देने के उद्देश्य से शुरू की गई अपना घर योजना के अंतर्गत देशभर में बड़ी संख्या में विश्राम सुविधाएँ स्थापित की गई हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा है कि इस वर्ष पहली जुलाई तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने राजमार्गों के किनारे खुदरा दुकानों पर कुल 368 अपना घर विश्राम सुविधाएँ स्थापित की हैं। कल लोकसभा में श्री गोपी ने कहा कि ट्रक चालकों ने इस पहल की काफी सराहना की है। राजमार्गों पर ट्रक चालकों के लिए अच्छी सुविधाएं नहीं होने के कारण अकसर उन्हें सड़क किनारे वाहन लगाकर ही सोना पड़ता था। इस योजना के अंतर्गत ट्रक चालक बहुत कम शुल्क देकर एयर कंडीशन कमरे में आराम कर सकते हैं।